असंखेंज्जगु० । एवं णिद्दाणिद्दाए भंगो चदुदंस०-मिच्छ०-बारसक०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०--तिरिक्खगदि--मणुसगदि-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०-अंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४--उज्जो०-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिपंच-णिमि०-णीचागोद त्ति ।

३५३. असादा० ज०ट्ठि० बंधंतो खवगपगदीओ णिद्दाणिद्दाए भंगो । पंच-दंसणा०-मिच्छ०-बारसक०-भय-दुगुं०--पंचिंदि०-ओरालि०--तेजा०--क०--समचदु०-ओरालि०अंगो०--वज्जरि०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग--सुस्सर-आदें०-णिमि० णि०बं०संखेंज्जभाग० । हस्स-रदि-तिरिक्खगदि-मणुसगदि-दोआणु०-उज्जो०-थिर-सुभ-णीचा० सिया० असंखेंज्जभाग० । अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० सिया० । तं तु० । जस०--उच्चा० सिया० असंखेंज्जगु० । एवं अरदि--सोग--अथिर-असुभ-अजस० ।

---

अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। उच्चगोत्रका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार निद्रानिद्राके समान चार दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि पाँच, निर्माण और नीचगोत्रकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३५३. असाता वेदनीयकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग निद्रानिद्राके समान है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त-विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, शुभ और नीचगोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्ति और उच्चगोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यात-गुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३५४. कोधसंज० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादावे०-तिण्णिसंज०-, जस०-उच्चा०-पंचंत० णिय० बं० संखेंज्जगु० । एवं तिण्णिसंज०-पुरिस० । णवरि माणे दोसंजलणं मायाए लोभसंज० पुरिस० चदुसंजलण त्ति भाणिदव्वं । लोभे णत्थि संजल०-पुरिस० ।

३५५. इत्थि० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ णिद्दाणिद्दाए भंगो । पंचदंस० मिच्छ०--बारसक०--भय--दुगुं०--पंचिंदि०--ओरालि०-तेजा०--क०--ओरालि०अंगो०-वण्ण०-४ अगु०-४ पसत्थ०-तस०-४ सुभग-सुस्सर-आदें०--णिमि० णि० बं० असंखेंज्जभाग० । सादा०-जस०-उच्चा० सिया० असंखेंज्जगु० । असादा०-अरदि-सोग-तिरिक्ख०-मणुसग०-तिण्णिसंठा०-तिण्णिसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-अजस०-णीचा०-सिया० असंखेंज्जभाग० । एवं णवुंस० । णवरि पंचसंठा०-पंच-संघ०-णिरयाणु० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--चदुदंसणा०--चदुसंज०--पंचंत० णि० बं० असंखेंज्जगु० । पंचदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-बारसक०--णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-चदुबीसणामपगदीओ--णीचा० णि० बं० संखेंज्जगु० । णिरयग०-वेउव्वि०-

---

३५४. क्रोध संज्वलनकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, तीन संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तीन संज्वलन और पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मानमें दो संज्वलन, मायामें लोभ संज्वलन और पुरुषवेदमें चार संज्वलन कहना चाहिए। लोभमें संज्वलन और पुरुषवेदका सन्निकर्ष नहीं होता।

३५५. स्त्रीवेदकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग निद्रानिद्राके समान है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। असातावेदनीय, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, तीन संस्थान, तीन संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ अयशःकीर्ति और नीच गोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नपुंसक वेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पाँच संस्थान, पाँच संहनन और नरकगत्यानुपूर्वीकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, बारह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, चौबीस नामकर्मकी प्रकृतियाँ और नीचगोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

वेउव्वि०अंगो०--णिरयाणु० णि० बं० णि० अज०। जह० अज० विट्ठाणपदिदाणं बंधदि संखेंज्जभाग० संखें ज्जगु०।

३५६. तिरिक्खायु० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ णि० बं० असंखेंज्जगु०। पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०--णवुंस०-भय--दुगुं०--तिरिक्खगदि० अपज्जत्तसंजुत्ताओ पगदीओ णीचा० णि० बं०। णि० अज०। जह० अज० विट्ठाणपदिदं असंखेंज्ज-भाग० संखेंज्जगु०। सादावे० सिया० असंखेंज्जगु०। असादा०-हस्स-रदि-अरदि-सोग--पंचजादि--ओरालि०अंगो०--असंपत्त०--तस-थावर--बादर-सुहुम-पत्तेय-साधार० सिया०। यदि०[1] बं० णि० अज० विट्ठाणपदिदं असंखेंज्जभा० संखेंज्जगु०। एवं मणुसायु०। णवरि एइंदियसंजुत्ताओ वज्ज।

३५७. देवायु० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ णि० बं० असंखेंज्जगु०। पंच-दंस०--मिच्छ०-बारसक०--हस्स-रदि--भय--दुगुं०-पसत्थणामाओ चदुवीसं णि० बं० संखेंज्जगु०। इत्थि० सिया० संखेंज्जगु०। पुरिस० सिया० असंखेंज्जगु०। देवगदि-

नरकगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है जो जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, नियमसे दो स्थान पतित स्थितियोंका बन्धक होता है। या तो संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है या संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

३५६. तिर्यञ्चायुकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, अपर्याप्तसंयुक्त प्रकृतियाँ और नीचगोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, दो स्थान पतित स्थितिका बन्धक होता है, या तो असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है या संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। सातावेदनीयका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे असं-ख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, पाँच जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, त्रस, स्थावर, बादर, सूक्ष्म, प्रत्येक और साधारण इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य, दो स्थानपतित स्थितिका बन्धक होता है या तो असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है या संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार मनुष्यायुकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति संयुक्त प्रकृतियोंको छोड़कर जानना चाहिए।

३५७. देवायुकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा और नामकर्मकी चौबीस प्रशस्त प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। स्त्रीवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता

१. मूलप्रतौ यदि० णि० बं० णि० इति पाठः।

वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु० णि० बं०, णि० अज० विट्ठाणपदिदं संखेंज्जभा० संखेंज्जगु० ।

३५८. णिरयग० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ [ णिय० बं० ] असंखेंज्जगु० । पंचदंस०--असादा०---मिच्छ०--बारसक०--णवुंस०--अरदि--सो०--भय-दुगुं०--णाम० सत्थाणभंगो णीचा० णि० बं०[1] संखेंज्जगु० । णिरयाणु० णि० बं० । तं तु० । एवं णिरयाणु० ।

३५६. तिरिक्खग० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ असंखेंज्जगु० । पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०--हस्स--रदि-भय-दुगुं०-णाम० सत्थाणभंगो णीचा० णि० बं० । तं तु० । एवं तिरिक्खाणु०--उज्जो० । मणुसगदि० तिरिक्खगदिभंगो । णवरि उच्चा० णि० बं० असंखेंज्जगु०[2] ।

---

है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। देवगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य,दो स्थानपतित स्थितिका बन्धक होता है या तो संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है या संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

३५८. नरकगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, बारह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्वस्थान भंगके समान नामकर्मकी प्रकृतियाँ और नीचगोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नरकगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३५९. तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपकप्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, स्वस्थान भङ्गके समान नामकर्मकी प्रकृतियाँ और नीच गोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। मनुष्यगतिका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि उच्च गोत्रका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

---

1. मूलप्रतौ बं० असंखेज्ज० इति पाठः। 2. मूलप्रतौ असंखेज्जगु० देवगदि० असंखेज्जगु० देवगदि० इति पाठः।

३६०. देवगदि० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ [ णि० बं० ] असंखेज्जगु० । पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-चदुणोक० णिय० संखेज्जगु० । णाम सत्थाणभंगो ।

३६१. एइंदि०-ज०ट्ठि०बं० खव०पगदीओ णि० बं० असंखेज्जगु० । पंचदंस०-मिच्छ०--बारसक०--णवुंस०-भय-दुगुं०--णीचा० णि० बं० असंखेज्जभा० । सादा० सिया० असंखेज्जगु० । असादा०--हस्स-रदि-अरदि--सोग० सिया० असंखेज्जभा० । णाम० सत्थाणभंगो । एवं आदाव-थावर० । एवं बीइंदि०-तीइं०-चदुरिं० ।

३६२. आहार० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीणं णि० बं० असंखेज्जगु० । हस्स-रदि-भय--दुगुं० णि० बं० संखेज्जगु० । णाम० सत्थाणभंगो । एवं आहार०अंगो० तित्थय० ।

३६३. णग्गोद० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीओ णि० बं० असंखेज्जगु० । पंचदंस०- मिच्छ०—बारसक०—भय -दुगुं० णि० बं० असंखेज्जभा० । सादा० सिया०

---

३६०. देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय और चार नोकषाय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भंग स्वस्थानके समान है।

३६१. एकेन्द्रिय जातिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा और नीच गोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। सातावेदनीयका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति और शोक इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है। इसी प्रकार आतप और स्थावर प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३६२. आहारक शरीरकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भंग स्वस्थानके समान है। इसी प्रकार आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३६३. न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय और जुगुप्सा

असंखेज्जगु० । हस्स-रदि--अरदि-सोग-णीचा० सिया० असंखेज्जभा० । णाम० सत्थाणभंगो। एवं चदुदंस०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० णग्गोदभंगो। णवरि खुज्ज०-वामण०-अद्धणारा०-खीलिय०-इत्थिवे० सिया० असंखेज्जभा० । पुरिस० सिया० असंखेज्जगु० ।

३६४. हुंड०-असंपत्त० ज०ट्ठि०बं० इत्थि०-णवुंस० सिया० असंखेज्जगु० । एवं अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें०-तिण्णिवेदाणि भाणिदव्वाणि । सुहुम-साधारण० एइंदियभंगो। णवरि सगपगदीओ जाणिदव्वाओ। एवं सव्वेसिं णामाणं । णवरि अप्पप्पणो सत्थाणं कादव्वं ।

३६५. आदेसेण णेरइएसु आभिणिबोधि० ज०ट्ठि०बं० चदुणा०-णवदंसणा०-सादा०--मिच्छ०--सोलसक०--पुरिस०--हस्स--रदि--भय--दुगुं०--मणुसग०--पंचिंदि०--ओरालि०--समचदु०--ओरालि०अंगो०--वज्जरि०--वण्ण० ४--मणुसाणु०--अगु० ४--

इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। साता वेदनीयका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, अरति, शोक और नीचगोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है। इसी प्रकार न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानके समान चार दर्शनावरण पाँच संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुब्जकसंस्थान, वामन संस्थान, अर्धनाराच संहनन, कीलक संहनन और स्त्रीवेद इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

३६४. हुण्डसंस्थान और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इस प्रकार अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और तीन वेदोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। सूक्ष्म और साधारण प्रकृतियोंका भङ्ग एकेन्द्रिय जातिके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। इसी प्रकार सब नामकर्मकी प्रकृतियोंको जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना अपना स्वस्थान कहना चाहिए।

३६५. आदेशसे नारकियोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क,

पसत्थ०-तस०४-थिरादिछक्क-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ ऍक्कमेॅक्कस्स । तं तु० ।

३६६. असादा० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-मणुसग०-पंचिंदि०-ओरालिय०-तेजा०-क०-समचदु० ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० णि० बं० संखेंज्जभा० । हस्स-रदि-थिर-सुभ-जसगि० सिया० संखेंज्जभा० । अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० सिया० । तं तु० । एवं अथिर-असुभ-अजस० ।

३६७. इत्थिवे० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-मणुस०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-मणुसाणु०-

---

प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु तब वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है।

३६६. असाता वेदनीयकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँभाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३६७. स्त्रीवेदकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और

अगु०४- पसत्थवि०--तस०४- सुभग-सुस्सर-आदें०--णिमि०उच्चा०-पंचंत० णि० बं० संखेंज्जभागब्भहियं० । सादासाद०--हस्स-रदि--अरदि--सोग--तिण्णिसंठा०--तिण्णिसंघ०--थिराथिर--सुभासुभ--जस०--अजस० सिया० संखेंज्जभा० । एवं णवुंस० । णवरि पंचसंठा०-पंचसंघ० ।

३६८. तिरिक्खायु० ज०ट्ठि०बं० पंचणाणावरणादिधुविगाणं णि० बं० संखेंज्जगु० । सेसाओ परियत्तमाणियाओ सव्वाओ सिया० संखेंज्जगु० । एवं मणुसायु० । णवरि णीचुच्चा० सिया० संखेंज्जगु० ।

३६९. तिरिक्खग० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--णवदंसणा०--मिच्छ०--सोलसक०-भय-दु०-णीचा०-पंचंत० णि० बं० संखेंज्जभा० । सादासाद०-तिण्णिवे०-हस्स-रदि-अरदि-सोग० सिया० संखेंज्जभाग० । णाम० सत्थाणभंगो । पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० ओघं । सगपगदीओ संखेंज्जभाग० । णवरि उच्चा० धुविगाणं कादव्वं । णामस्स अप्पप्पणो सत्थाणभंगो ।

---

पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । साता वेदनीय, असाता वेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, तीन संस्थान, तीन संहनन, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पाँच संस्थान और पाँच संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है ।

३६८. तिर्यञ्चायुकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण आदि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । शेष परावर्तमान सब प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार मनुष्यायुकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि नीचगोत्र और उच्चगोत्रका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है ।

३६९. तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, नीच गोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । सातावेदनीय, असातावेदनीय, तीन वेद, हास्य, रति, अरति और शोक इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । नामकर्मका भङ्ग स्वस्थानके समान है । पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है । किन्तु अपनी प्रकृतियोंकी स्थितिको संख्यातवाँ भाग अधिक कहना चाहिए । इतनी विशेषता है कि उच्चगोत्रको ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके साथ कहना चाहिए । तथा नामकर्मकी अपनी अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है ।

३७० तित्थय० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०-छदंसणा०-सादावे०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दुगुं०-उच्चागो०-पंचंत० णि० बं० संखेज्जगु० । णाम सत्थाणभंगो । एवं पढमाए पुढवीए ।

३७१. बिदियाए पुढवीए आभिणिबो० ज०ट्ठि०बं० चदुणा०-छदंसणा०-सादावे०-बारसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दु०-मणुसगदियाओ णिरयोघं पढमदंडओ उच्चा०-पंचंत० णि० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

३७२. णिद्दाणिद्दाए ज०ट्ठि०बं० पंचणा०-पढमदंडओ णि० बं० संखेज्जगु० । पचलापचला-थीणगिद्धि-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४ णि० बं० । तं तु० । एवं थीणगिद्धितिय-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ ।

---

३७०. तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव, पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुष वेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है। इसी प्रकार पहिली पृथ्वीमें जानना चाहिए।

३७१. दूसरी पृथ्वीमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके चार ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुष वेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा और मनुष्यगति आदि प्रकृतियाँ सामान्य नारकियोंके समान प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियाँ, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है।

३७२. निद्रानिद्राकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण आदि प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। प्रचला-प्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ

३७३. असादा० ज०ट्ठि०बं० पंचणाणा० मणुसगदिसंजुत्ताओ णिरयोघं। णवरि सम्मादिट्ठिपगदीओ बंधदि। एवं अरदि-सो०-अथिर-असुभ-अजस०।

३७४. इत्थिवे० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--णवदंसणा०--मिच्छ०-सोलसक०--भय-दु०-णाम मणुसगदिसंजुत्ताओ उच्चा०-पंचंत० णि० बं० संखेंज्जगु०। सादासाद०-चदुणोक०-समचदु०-वज्जरिस०-थिरादितिण्णियुगलं सिया० संखेंज्जगु०। दोसंठा०-दोसंघ० सिया० संखेंज्जभा०। एवं णवुंस०। णवरि चदुसंठा०-चदुसंघ० सिया० संखेंज्जभा०। आयु० णिरयोघभंगो।

३७५. तिरिक्खग० ज०ट्ठि०बं० हेट्ठा उवरि णवुंसगभंगो। णामसत्थाणभंगो। एवं पंचसंठा०--पंचसंघ०--अप्पसत्थवि०--दूभग--दुस्सर--अणादें० हेट्ठा उवरि। णामं अप्पप्पणो सत्थाणभंगो। एवं चदुसु पुढवीसु। सत्तमाए पुढवीए एसो चेव भंगो। णवरि णिद्दाणिद्दाए ज०ट्ठि०बं० पचलापचला-थीणगिद्धि-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-

---

भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३७३. असातावेदनीयकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके पाँच ज्ञानावरण आदि मनुष्यगति संयुक्त प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि यह सम्यग्दृष्टि सम्बन्धी प्रकृतियोंको बाँधता है। इसी प्रकार अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३७४. स्त्रीवेदकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, नामकर्मकी मनुष्यगति संयुक्त प्रकृतियाँ, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, स्थिर आदि तीन युगल इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। दो संस्थान और दो संहनन इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवां भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि चार संस्थान और चार संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। आयुकर्मकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य नारकियोंके समान है।

३७५. तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके नीचे ऊपरकी प्रकृतियोंका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है। इसी प्रकार पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी मुख्यतासे नीचे ऊपरकी अपनी-अपनी प्रकृतियोंका सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा नामकर्मकी अपनी अपनी प्रकृतियोंका भंग स्वस्थानके समान है। इसी प्रकार तीसरी आदि चार पृथिवियोंमें जानना चाहिए। सातवीं पृथ्वीमें यही भंग है। इतनी विशेषता है कि निद्रानिद्राकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव प्रचला-प्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व,

तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० णि० बं०। तं तु०। उज्जो० सिया०। तं तु०। एवमेदाओ ऍक्कमेॅक्कस्स। तं तु०। पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० तिरिक्खगदिसंजुत्ताओ कादव्वाओ।

३७६. तिरिक्खेसु मूलोघं। णवरि खवगपगदीणं णिद्दाणिद्दाए भंगो। पंचिंदिय-तिरिक्ख०३ आभिणिबो० ज०ट्ठि०बं० चदुणा०-णवदंसणा०-सादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दु०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चागो०-पंचंत० णि० बं०। तं तु०। एवमेदाओ ऍक्कमेॅक्कस्स। तं तु०। असादा० ज०ट्ठि०बं० णिरयोघं। णवरि देवगदिसंजुत्तं।

अनन्तानुबन्धी चार, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है। किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनको तिर्यञ्चगति सहित कहना चाहिए।

३७६. तिर्यञ्चोंमें मूलोघके समान भङ्ग जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग निद्रानिद्राके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता-वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपांग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। असाता वेदनीयकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगति संयुक्त कहना चाहिए।

३७७. मणुसगदि० ज०ट्ठि०बं० ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्ज०-मणुसाणु० णि० बं० । तं तु० । पुरिस० उच्चा० णि० बं० संखेंज्जभा० । एवं सव्वाणं धुविगाणं । सादासाद० चदुणोक० थिरादितिण्णियुगलं सिया० संखेज्जभाग० । एवं तं तु पदिदाणं । इत्थिवे०--णवुंस०--तिरिक्खग०--पंचसंठा०--पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० हेट्ठा उवरिं मणुसगदिभंगो । णवरि वेदविसेसा जाणिदव्वा । णाम० सत्थाणभंगो । णवरि इत्थिवे० मणुसगदि--देवगदिसंजुत्तं कादव्वं । चदुआयु० ओघं । णवरि धुवियाओ ताओ णि० बं० विट्ठाणपदिदं बंधदि संखेंज्जभा० संखेज्जगु० । परियत्तमाणियाओ सिया० विट्ठाणपदिदं बंधदि संखेंज्जभा० संखेंज्जगु० । णिरयगदि--चदुजादि--णिरयाणु०--आदाव--थावरादि०४ तिरिक्खोघं । णवरि संखेंज्जभा० । पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ता० णिरयोघं । णवरि दोआयु० जोणिणिभंगो ।

---

३७७. मनुष्यगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव औदारिक शरीर, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता है जो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेद और उच्चगोत्रका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवां भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार सब ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका जानना चाहिए। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय और स्थिर आदि तीन युगल इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार "तं तु" रूपसे पठित प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनका नीचे ऊपर मनुष्यगतिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि वेद विशेष जानना चाहिए। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदको मनुष्यगति और देवगति सहित कहना चाहिए। चार आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि जो ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ हैं उनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य दो स्थान पतित स्थितिका बन्धक होता है या तो संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है या संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। परावर्तमान प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य दो स्थान पतित स्थितिका बन्धक होता है। या तो संख्यातवां भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है या संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगति, चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप और स्थावर आदि चार इनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य तिर्यञ्चोंके समान जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि संख्यातवाँ भाग अधिक करना चाहिए। पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकोंका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि दो आयुओंका भङ्ग योनिमती तिर्यञ्चोंके समान है।

३७८. मणुस०३ खवगपगदी० ओघं। देवगदि०४ आहार०भंगो०। णिरयगदि-णिरयाणु० ओघं। सेसं पढमपुढविभंगो। मणुसअपज्जत्तेसु पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो।

३७९. देवेसु णिरयोघं। णवरि एइंदिय-आदाव-थावरं णादव्वं। एवं भवण०-वाणवेंत०। जोदिसि०-सोधम्मीसा० विदियपुढविभंगो। णवरि एइंदिय-आदाव-थावर० भाणिदव्वा। सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति विदियपुढविभंगो। एवं चेव आणद याव णवगेवज्जा त्ति। णवरि तिरिक्खगदिचदुक्कं वज्ज। अणुदिस याव सव्वट्ठा त्ति पढमदंडओ विदियपुढविभंगो। एवं विदियदंडओ वि। असादा०-मणुसायु० णि०।

३८०. सव्वएइंदिएसु तिरिक्खोघं। विगलिंदियपज्जत्तापज्जत्त-पंचिंदिय-तसअपज्जत्त० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो। पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्त० खवगपगदीणं ओघं। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो।

३८१. पंचकायाणं तिरिक्खोघं। णवरि तेउ०-वाउ० तिरिक्खगदि०-तिरिक्खाणु०-णीचा० पुव्वं कादव्वं। तस-तसपज्जत्ता खवगपगदीणं मूलोघं। सेसाणं मणुसोघं। णवरि वेउव्वियछक्कं ओघं।

३७८. मनुष्यत्रिकमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिचतुष्कका भङ्ग आहारक शरीरके समान है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पहली पृथिवीके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

३७९. देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। इसी प्रकार भवनवासी और व्यन्तर देवोंके जानना चाहिए। ज्योतिष्क, सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें दूसरी पृथिवीके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर प्रकृतियाँ कहनी चाहिए। सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें दूसरी पृथ्वीके समान भङ्ग है। तथा इसी प्रकार आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति चतुष्कको छोड़कर सन्निकर्ष जानना चाहिए। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें प्रथम दण्डकका भङ्ग दूसरी पृथिवीके समान है। इसी प्रकार दूसरा दण्डक भी जानना चाहिए। तथा असाता वेदनीय और मनुष्यायुका नियमसे बन्धक होता है।

३८०. सब एकेन्द्रियोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है। विकलेन्द्रिय पर्याप्त, विकलेन्द्रिय अपर्याप्त, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है।

३८१. पाँच स्थावरकायिक जीवोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र इनको पहिले कहना चाहिए। त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य मनुष्योंके समान है। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिक छः ओघके समान है।

३८२. पंचमण०--तिरिणवचि० आभिणिबोधि०आदि ओघं । णिद्दाणिद्दाए ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--चदुदंस०--सादावे०--चदुसंज०-पुरिस०-जस०--उच्चा०--पंचंत० णि० बं० असंखेज्जगु० । पचलापचला-थीणगिद्धि-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०-४ णिय० बं० । तं० तु० । णिद्दा-पचला-अट्ठकसा०-हस्स-रदि--भय--दुगुं०-देवगदि-वेउव्विय०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४--देवाणु०-अगु०४--पसत्थवि०-तस०४-थिरादिपंच-णिमि० णि० बं० संखेज्जगु० । एवं थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ ।

३८३. णिद्दाए ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीणं णिद्दाणिद्दाए भंगो । पचला णि० बं० । तं तु० । हस्स-रदि-भय-दु०--देवगदि--पसत्थसत्तावीसं णि० बं० संखेज्जगु० । आहारदुगं तित्थयरं सिया० संखेज्जगु० । एवं पचला० ।

३८४. असादा० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीणं णिद्दाए भंगो । णिद्दा-पचला-भय

३८२. पाँच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरण आदिका भङ्ग ओघके समान है । निद्रानिद्राकी जघन्य स्थितिका बन्धक पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार सञ्ज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार इनका नियमसे बन्धक होता है किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । निद्रा, प्रचला, आठ कषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आंगोपांग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि पाँच और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३८३. निद्राकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके सब प्रकृतियोंका भङ्ग निद्रानिद्राके समान है । प्रचलाका नियमसे बन्धक होता है । जो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है । हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति आदि प्रशस्त सत्ताईस प्रकृतियाँ इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । आहारक द्विक और तीर्थंकर इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्ध होता है । इसी प्रकार प्रचला प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३८४. असाता वेदनीयकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग निद्राके समान है । निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक

दुगु०--देवगदि--पंचिंदि०--वेउव्वि०--तेजा०--क०-समचदु०--वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४--पसत्थ०--तस०४--सुभग--सुस्सर--आदें०--णिमि० णि० बं० संखेंज्जगु० । हस्स-रदि-थिर-सुभ० सिया० संखेज्जगु० । जस० सिया० असंखेंज्जगु० । अरदि--अथिर--असुभ--अजस० सिया० । तं तु० । एवं अरदि--सोग--अथिर--असुभ-अजस० ।

३८५. अपच्चक्खाणकोध० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीणं णिद्दाए भंगो । तिण्णिक० णि० बं० । तं तु० । सेसाणं णिद्दाए भंगो । एवं तिण्णिकसा० ।

३८६. पच्चक्खाणकोध० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीणं णिद्दाए भंगो । सेसाओ हेट्ठा उवरिं संखेंज्जगु० । तिण्णिक० णि० बं० । तं० तु० । एवं तिण्णिक० ।

---

शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, स्थिर और शुभ इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। यशःकीर्तिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३८५. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग निद्राके समान है। तीन कषायोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग निद्राके समान है। इसी प्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३८६. प्रत्याख्यानावरण क्रोधकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग निद्राके समान है। शेष प्रकृतियोंका नीचे ऊपर नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। तीन कषायोंका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३८७. इत्थिवे० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--चदुदंस०--चदुसंज०--पंचंत० णि० बं० असंखेंज्जगु० । पंचदंस०--मिच्छ०--बारसक०--भय--दुगुं०--पंचिंदि०--तेजा०--क०--वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर--आदें०--णिमि० णि० बं० संखेंज्जगु० । सादा०-जस०-उच्चा० सिया० संखेंज्जगु० । असादा०--चदुणोक०--तिण्णिगदि-दोसरीर--समचदु०-दोअंगो०-वज्जरि०-तिण्णिआणु०--उज्जो०--थिराथिर--सुभासुभ-अजस०-णीचा० सिया० संखेंज्जगु० । णग्गोद०-सादि०-वज्जणारा०-णाराय सिया० संखेंज्जभा०। एवं णवुंस० । णवरि दोगदि-समचदु०-वज्जरिस०-दोआणु०-उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-अज०-णीचा० सिया० संखेंज्जगु० । चदुसंठा०-चदुसंघ० सिया० संखेंज्जभा० ।

३८८. आयुगाणं चदुण्णं पि खवगपगदीणं असंखेंज्जगु० । सेसाणं मणुसभंगो ।

३८९. णिरयगदि० ज०ट्ठि०बं० खवगपगदीणं ओघं । पंचदं०--असादा०-

---

३८७. स्त्रीवेदकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माण इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। असाता वेदनीय, चार नोकषाय, तीन गति, दो शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, तीन आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। न्यग्रोधसंस्थान, स्वातिसंस्थान, वज्रनाराच संहनन और नाराच संहनन इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि दोगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। चार संस्थान और चार संहनन इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँ भाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है।

३८८. चार आयुओंकी भी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव क्षपक प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है।

३८९. नरकगतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके

मिच्छ०-बारसक०-अरदि-सोग-भय-दु०-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०-तस०४-अथिर-असुभ-अजस०-णिमि०-णीचा० णि० बं० संखेज्जगु० । णवुंस०-हुंडसं०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० णि बं० संखेज्जभा० । णिरयाणु० णि० बं० । तं तु० । एवं णिरयाणु० ।

३९०. तिरिक्खगदि० ज०ट्ठि०बं० खवगाणं णिरयगदिभंगो । पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-हस्स-रदि-भय-दु०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिपंच णि० बं० संखेज्जगु० । तिरिक्खाणु०-णीचा० णि० बं० । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचागो० ।

३९१. मणुसग० ज०ट्ठि०बं० ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-मणु-

समान है । पाँच दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, बारहकषाय, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । नपुंसकवेद, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँभाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है । नरकगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँभाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार नरकगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३९०. तिर्यञ्चगतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग नरकगतिके समान है । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारहकषाय, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क और स्थिर आदि पाँच इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है । तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र इनका नियमसे बन्धक होता है, किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है । इसीप्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

३९१. मनुष्यगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव औदारिक शरीर, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वी इनका नियमसे बन्धक होता

साणु० णि० बं० । तं तु० । सेसाणं तिरिक्खगदिभंगो । णवरि तित्थय०सिया० संखेज्जगु० । एवं मणुसगदिपंचगस्स ।

३९२. देवगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--चदुदंस०--सादा०--चदुसंज०--पुरिस०--जस०--उच्चा०--पंचंत० णि० बं० असंखेज्जगु० । हस्स--रदि--भय--दु० णि० बं० संखेज्जगु० । पंचिंदियादिपसत्थसत्तावीसं णि० बं० । तं तु० । तित्थय० सिया० । तं तु० । एवमेदाओ ऍक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

३९३. एइंदि० ज०ट्ठि०बं खविगाणं ओघं । पंचदं०--मिच्छ०--बारसकसा०--भय--दु०--णाम सत्थाणभंगो णीचा० णि० बं० संखेज्जगु० । सादा०--जस० सिया०

---

है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार मनुष्यगतिपञ्चककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३९२. देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति आदि प्रशस्त सत्ताईस प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है।

३९३. एकेन्द्रिय जातिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, नाम कर्मकी स्वस्थान भङ्गवाली प्रकृतियाँ और नीचगोत्रका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। साता वेदनीय और यशःकीर्ति इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है।

असंखेँज्जगु० । असादा०--चदुणोक०--थिराथिर--सुभासुभ--अज०-उज्जो० सिया० संखेँज्जगु० । णवुंस०-हुंड०--दूभग-अणादें० णि० बं० संखेँज्जभा० । एवं बीइं०-तीइं०-चदुरिं० हेट्ठा उवरिं एइंदियभंगो । णाम० सत्थाणभंगो ।

३९४. णग्गोद० ज०ट्ठि०बं० खविगाणं ओघं। सेसाणं इत्थिवेदभंगो । णाम० सत्थाणभंगो । सव्वाणं संघड०--अप्पसत्थ०--दूभग--दुस्सर-अणादेँज्जाणं हेट्ठा उवरिं इत्थिवेदभंगो। णवरि किं चि विसेसो जाणिदव्वो। वेदेसु णाम अप्पप्पणो सत्थाणभंगो।

३९५. वचिजोगि--असच्चमोसवचिजोगि० तसपज्जत्तभंगो । कायजोगि-ओरालियकायजोगि० ओघं । ओरालियमिस्से तिरिक्खोघं। णवरि देवगदि० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०--छदंसणा०--सादावे०-बारसक०-पंचणोक०--पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४--पसत्थ०--तस०४--थिरादिछ०--णिमि०--उच्चा०-पंचंत० णि० बं० संखेँज्जगु० । वेउव्वि०--वेउव्वि०अंगो०--देवाणु० णि० बं० । तं तु० । तित्थय०

यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य असंख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। असाता वेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, अयशःकीर्ति और उद्योत इनका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। नपुंसकवेद, हुण्डसंस्थान, दुर्भग और अनादेय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातवाँभाग अधिक स्थितिका बन्धक होता है। इसीप्रकार द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रिय जातिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके नीचे ऊपरकी प्रकृतियोंका भङ्ग एकेन्द्रिय जातिके समान है। तथा नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है।

३९४. न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है। सब संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवके नीचे ऊपरकी प्रकृतियोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। इतनी विशेषता है कि कुछ विशेष जानना चाहिए। तीन वेदोंमें नामकर्मकी अपनी-अपनी प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानके समान है।

३९५. वचनयोगी और असत्यमृषावचनयोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग त्रस पर्याप्तकोंके समान है। काययोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें ओघके समान है। औदारिक मिश्र काययोगमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगतिकी जघन्य स्थितिका बन्धक जीव पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सातावेदनीय, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अजघन्य संख्यातगुणी अधिक स्थितिका बन्धक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है; किन्तु वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ

सिया० । तं तु० । एवमेदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

३९६. वेउव्वियका० आभिणिदंडओ जोदिसियपढमदंडओ व्व असाद० विदिय-दंडय० । णिद्दाणिद्दाए ज०ट्ठि०बं० पचलापचलादीणं मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ णियमा बं० । तं तु० । तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० सिया० । तं तु० । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० सिया० संखेंज्जगु० । धुविगाणं णि० बं० संखेंज्जगु० । एवं थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ ।

३९७. इत्थिवे० ज०ट्ठि०बं० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थ०-

---

भाग अधिक तक स्थितिका बन्धक होता है । तीर्थंकर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य, एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु ऐसी अवस्थामें वह जघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है और अजघन्य स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अजघन्य स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे जघन्यकी अपेक्षा अजघन्य,एक समय अधिकसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिकतक स्थितिका बन्धक होता है ।

५१६. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है। सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवों का स्पर्शन अनुत्कृष्ट के समान है। नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षु दर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। किन्तु नपुंसकवेद, मनुष्यायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग औदारिक काययोगी जीवों के समान है। इतनी विशेषता है कि नपुंसक-वेदमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। अपगतवेदमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

५१७. विभङ्ग ज्ञानी जीवोंमें असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशः कीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और

सत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें० जह० अट्ठ-बारहचों० । अज० अणुक्कस्सभंगो । मणुसगदिपंचग० जह० अज० अट्ठचोंद्द० । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० अणुकस्सभंगो। णवरि एइंदि०-थावर०जह० अट्ठ-णवचोंद्द० । अज० अणुकस्सभंगो । सुहुम० जह० अज० लो० असंखें० सव्वलो० ।

५१८. आभिणि०-सुद०-ओधि० मणुसायु०-मणुसगदिपंचग० जह० अज० अट्ठचोंद्दस० । देवायु०-आहारदुगं खेत्तं । देवगदि०४ उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० अणुक्कस्सभंगो । मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसं० खेत्तं ।

५१९. संजदासंजद० असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० अज० छचोंद्द० । देवायु०-तित्थय० जह० अज० खेत्तं । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० छचोंद्द० । ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०-आभिणि०भंगो । णवरि

---

कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्र का स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्र का स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। मनुष्यगतिपञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियों की जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्ट के समान है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछकम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५१८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यायु और मनुष्यगति पञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। देवगतिचतुष्कका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत और सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

५१९. संयतासंयत जीवोंमें असाता, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और तीर्थंकर इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि

खइगे देवगदि०४ खेत्तं । उवसमे तित्थय० खेत्तं । चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो ।

५२०. किण्ण०–णील०–काउ० असंजदभंगो । णवरि देवगदि०३-तित्थय० खेत्तं । मणुसाधु०तिरिक्खभंगो । तेऊए० पंचणा०–णवदंसणा०–सादासाद०–मोह०२४-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४–अगु०४–पसत्थवि०–तस०४–थिराथिर-सुभासुभ-जस०–अजस०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० खेत्तं । अज० अणुकस्सभंगो । देवगदि०४ जह० खेत्तं । अज० दिवड्ढचो० । सेसाणं सोधम्मभंगो । एवं पम्माए सहस्सार-भंगो कादव्वो । देवगदि०४ जह० खेत्तं । अज० पंचचो० । सुक्काए मणुसगदिपंचग० जह० अज० छच्चोद्द० । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० छचो० । णवरि इत्थि०–णवुंस०–पंचसंठा०–पंचसंघ०–अप्पसत्थ०–दूभग–दुस्सर–अणादें० जह० अज० छच्चोद्द० ।

५२१. सासणे इत्थि०–पंचसंठा०–पंचसंघ०–अप्पसत्थ०–तस०४ जह० अज० अट्ठ–एक्कारस० । मणुसगदिपंचग० जह० अज० अट्ठचो० । देवगदि०४ जह० अज०

---

जीवों का भङ्ग आभिनिबोधिकज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवगतिचतुष्कका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तथा उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग त्रसपर्याप्त जीवोंके समान है।

५२०. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंका भङ्ग असंयत जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगति त्रिक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तथा मनुष्यायुका भङ्ग तिर्यञ्चों के समान है। पीतलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, चौबीस मोहनीय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सहस्रार कल्पके समान भङ्ग करना चाहिए। तथा देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शुक्ल लेश्यावाले जीवोंमें मनुष्यगतिपञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५२१. सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें स्त्रीवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और त्रस चतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगतिपञ्चककी

पंचचो० । सेसाणं जह० अट्ठचो० । अज० अणुक्कस्सभंगो । सम्मामिच्छे सव्वपगदीणं जह अज० अट्ठचो० । णवरि देवगदि०४ जह० खेत्तं । सण्णि० पंचिंदियभंगो । असण्णि० तिरिक्खोघं । णवरि आयु०—वेउव्विपछ० जह० अज० खेत्तभंगो । एवं जहण्णयं समत्तं । एवं फोसणं समत्तं ।

## कालपरूवणा

५२२. कालो दुवि०—जह० उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० णिरयायु० उक्क०ट्ठिदिबंधगा केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमयं, उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमस्स असंखेज्जदि० । तिरिक्खायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसमया । अणु० सव्वद्धा । मणुस-देवायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभा० । आहार०—आहार०अंगो०—तित्थय० उक्क० जहण्णु० अंतो०, अणु० सव्वद्धा । सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० ।

जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवगतिचतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । संज्ञी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। असंज्ञी जीवोंमें समान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि आयु और वैक्रियिक छह इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इस प्रकार जघन्य स्पर्शन समाप्त हुआ । इस प्रकार स्पर्शन समाप्त हुआ।

### कालप्ररूपणा

५२०. काल दो प्रकारका है-जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है-ओघ और आदेश । ओघसे नरकायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । मनुष्यायु और देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्यकाल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्टकाल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, नपुंसकवेदी,

अणु० सव्वद्धा । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि–ओरालि०–णवुंस०-कोधादि०-४-मदि-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसिद्धि-अब्भवसिद्धि०-मिच्छादि०-असण्णि–आहारग त्ति ।

५२३. णिरयेसु तिरिक्खायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखें० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । मणुसायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेंज्जसम० । अणु० जहण्णु० अंतो० । सेसाणं उक्क० जह० एग,० उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । अणु० सव्वद्धा । एवं सव्वणिरयाणं सव्वदेवाणं च । णवरि सत्तमाए मणुसग०–मणुसाणु०–उच्चा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखें० । अणु० सव्वद्धा ।

५२४. पंचिंदियतिरिक्खतिण्णि तिरिक्खायु० उक्क० ओघं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । सेसाणं ओघं । पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु तिरिक्खायु० णिरयभंगो । सेसं ओघं । एवं सव्वअपज्जत्ताणं तसाणं सव्वविगलिंदियाणं बादरपुढवि०-आउ०–तेउ०–वाउ०–बादरवणप्फदिपत्तेयपज्जत्ताणं च । णवरि मणुसअपज्जत्तगे आयुगवज्जाणं सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० ।

---

क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

५२३. नारकी जीवोंमें तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्य के असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार सब नारकी और सब देवों के जानना चाहिए। इतनी विशेषता है की सातवीं पृथ्वीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है ।

५२४. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेप प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्चायुका भङ्ग नारकियोंके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब अपर्याप्त, त्रस, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथ्वीकायिक, पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरोर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकों में आयुओंको छोड़कर सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

५२५. मणुसेसु णिरय-देवायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अणु० जह० उक्क० अंतो०। तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० ओघं। अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। सेसाणं उक्क० जह० एग०, [उक्क०] अंतो०। अणु० सव्वद्धा। आहारदुगं तित्थय० ओघं। मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु चदुआयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अणु० जहण्णु० अंतो०। सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अणु० सव्वद्धा। आहारदुगं तित्थय० ओघं।

५२६. सव्वट्ठे सव्वपगदीणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अणु० सव्वद्धा। आयु० णिरयभंगो।

५२७. सव्वएइंदिएसु तिरिक्ख--मणुसायु० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो। णवरि तिरिक्खायु० अणु० सव्वद्धा। सेसाणं उक्क० अणु० सव्वद्धा। एस भंगो सव्वसुहुमाणं बादरपुढवि०--आउ०--तेउ०--वाउ०अपज्जत्त०---वणप्फदि--णियोद० बादरपज्जत्त-अपज्जत्ता० बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्तगाणं च।

५२८. पुढवि०--आउ०-तेउ०--वाउ०-बादरपुढवि०-आउ०--तेउ०--वाउ०-बादर-

---

५२५. मनुष्योंमें नरकायु और देवायुका उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनी जीवोंमें चार आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आहारकद्विक और तीर्थङ्करका भङ्ग ओघके समान है।

५२६. सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आयुका भङ्ग नारकियोंके समान है।

५२७. सब एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। यह भङ्ग सब सूक्ष्म, बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त, वनस्पतिकायिक, निगोद और इन दोनोंके बादर और पर्याप्त अपर्याप्त तथा बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

५२८. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर पृथ्वीकायिक,

वणप्फदिपत्तेय० दोआयु० एइंदियभंगो । पज्जत्तगे दोआयु० पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो । सेसाणं पगदीणं उक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अणु० सव्वद्धा ।

५२६. पंचिंदिय--तस०२ तिण्णिआयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेंज्ज-सम० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । सेसाणं ओघं । एवं पंच-मण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-इत्थि०--पुरिस०--विभंग०-चक्खुदं०--तेउले०-पम्मले०-सुक्कले०--सण्णि त्ति । णवरि पंचमण०--पंचवचि०--वेउव्वि० आयु० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । तेउ-पम्माए तिरिक्ख-मणुसायु० देवोघं । सुक्काए दो वि आयु० मणुसि०भंगो ।

५३०. ओरालियमिस्से दोआयु० एइंदियभंगो । देवगदि०४-तित्थय० सत्थाणे उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अथवा सरीर-पज्जत्तीए दिज्जदि त्ति तदो उक्क० जहण्णु० अंतो० । अणु० जह० उक्क० अंतो० । सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । अणु० सव्वद्धा अधा-

---

बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकयिक और बादर वनस्पतिकायिक, प्रत्येक शरीर जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। इनके पर्याप्तकोंमें दो आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थिति का बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्या-तवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है।

५२६. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें तीन आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, चक्षुदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी और वैक्रियिककाय-योगी जीवोंमें आयुकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। पीत और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें दोनों ही आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

५३०. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी स्वस्थानमें उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है अथवा शरीर पर्याप्तिमें अगर यह काल प्राप्त किया जाता है तो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट

पवत्तस्स। अथवा सरीरपज्जत्तीए दिज्जदि त्ति तदो धुविगाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज०। एवं वेउव्वियमि०-आहारमि०। णवरि वेउव्वियमि० अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज०। आहारमिस्से चत्तारि अंतो०।

५३१. आहारकायजोगि० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि देवायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेंज्जसम०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं आहारमिस्से देवायु०।

५३२. कम्मइगे देवगदि०४-तित्थय० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० संखेंज्जसम०। सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलियाए असंखेंज्ज०। अणु० सव्वद्धा।

५३३. अवगदवेदे सव्वाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं सुहुमसंप०।

५३४. आभि०-सुद०-ओधि० सादावे०-हस्स-रदि-आहारदुग-थिर-सुभ-जसगि०-तित्थय० ओघं। मणुसायु० देवोघं। देवायु० ओघं। सेसाणं सव्वाणं उक्क० जह०

---

स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल अधःप्रवृत्तके सर्वदा है। अथवा शरीरपर्याप्तिमें यह काल दिया जाता है तो ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। तथा आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें चारों ही काल अन्तर्मुहूर्त हैं।

५३१. आहारककाययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इनकी विशेषता है कि देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवायुकी मुख्यतासे काल जानना चाहिए।

५३२. कार्मणकाययोगी जीवोंमें देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

५३३. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सूक्ष्मसांपरायिक संयत जीवोंके जानना चाहिए।

५३४. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें साता वेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति और तीर्थङ्कर इनका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष सब

अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अणु० सव्वद्धा । एवं संजदासंजदे ओधिदं०-सम्मादि०-वेदग० ।

५३५. मणपज्जव० सादावे०--हस्स-रदि--आहारदुग--थिर-सुभ-जसगि० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० सव्वद्धा । सेसाणं उक्क० जह० उक्क० अंतो० । अणु० सव्वद्धा । एवं संजद-सामाइ०-छेदो०- परिहार० ।

५३६. उवसम० पंचणा०-छदंसणा०--बारसक०-पुरिस०-भय-दुगुं-मणुसगदि-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०--ओरालि०अंगो०--वज्जरि०--वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थवि०--तस०४--सुभग-सुस्सर-आदेंज्ज०--णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । सादावे०--हस्स-रदि-थिर-सुभ--जसगि० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्जदिभा० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर--असुभ-अजस०-देवगदि०४ उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० । आहारदुगं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क अंतो० । तित्थय० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

---

प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए ।

५३५. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सातावेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार संयत, सामायिकसंयत छेदोपस्थापनासंयत और परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए ।

५३६. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । सातावेदनीय, हास्य,रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और देवगतिचार, इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल पल्यके असंख्यातवेंभाग प्रमाण है । आहारकद्विककी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्त-

अणु० जह० उक्क० अंतो० । एवं सम्मामि० । णवरि देवगदि०४ धुविगाण भंगो । सासणे दोण्णि आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेंज्ज० । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । अणाहार० कम्मइगभंगो ।

एवं उक्कस्सकालं समत्तं

५३७. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० खवगपगदीणं आहारदुगं तित्थय० जह० ट्ठिदिबंध० केवचिरं० ? जह० उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । तिरिक्खग०--तिरिक्खाणु०--उज्जो०--णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । अज० सव्वद्धा । तिण्णिआयु० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखेंज्ज० । अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । वेउव्वियछ० उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा । एवं ओघभंगो कायजोगि--ओरालियका०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खुदं०-भवसि०-आहारगे त्ति । णवरि खवगपगदीणं कायजोगि--ओरालियका० जह० जह० एग० । णवरि जोग-कसाएसु आयुगस्स अज० जह० एगस० ।

---

मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि देवगति चतुष्कका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है । सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनाहारक जीवोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ ।

५३७. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्षपक प्रकृतियाँ, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका सब काल है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । तीन आयुओंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । वैक्रियिक छहका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिक काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि क्षपक प्रकृतियोंके काययोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है । इतनी विशेषता है कि योग और कषायवाले जीवोंमें आयुकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है ।

५३८. णिरएसु दोआयु० उक्कस्सभंगो। सेसाणं जह० [ जह० ] एग, उक्क० आवलि० असंखेंज्ज०। अज० सव्वद्धा। तित्थय० उक्कस्सभंगो। एवं पढमपुढवीए। विदियादि याव सत्तमा त्ति उक्कस्सभंगो। णवरि थीणगिद्धि३-मिच्छत्त--अणंताणुबंधि०४ जह० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखें०। सत्तमाए तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचा० थीणगिद्धि०भंगो।

५३९. तिरिक्खेसु णिरय--मणुस--देवायु०-वेउव्विछ०--तिरिक्खगदि०४ ओघं। सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा। एवं तिरिक्खोघं मदि०-सुद०--असंज०--तिण्णिले०-अब्भवसि०--मिच्छादि०--असण्णि त्ति। सव्वपंचिंदियतिरिक्खाणं उक्कस्सभंगो। णवरि चदुआयु० णिरयायुभंगो। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० दोआयु० तिरिक्खायुभंगो। एवं सव्वअपज्जत्ताणं तसाणं सव्वविगलिंदियाणं बादरपुढविकाइय-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयपज्जत्ताणं च।

५४०. मणुसेसु खवगपगदीणं देवगदि०४ जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० ओघं। दोआयु० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। दोआयु० जह० जह० एग०, उक्क० संखेंज्जसम०। अज० जहण्णु० अंतो०। णिरयगदि-णिरयाणु० जह० जह० एग०,

५३८. नारकियोंमें दो आयुओंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार पहली पृथ्वीमें जानना चाहिए। दूसरी पृथ्वीसे लेकर सातवीं तक भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। सातवीं पृथ्वीमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धि तीनके समान है।

५३९. तिर्यञ्चोंमें नरकायु, मनुष्यायु, देवायु, वैक्रियिक छह और तिर्यञ्चगति चतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके समान मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि चार आयुओंका भङ्ग नरकायुके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें दो आयुओंका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त त्रस, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथ्वीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर-वनस्पति कायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

५४०. मनुष्योंमें क्षपक प्रकृतियाँ और देवगतिचतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल ओघके समान है। दो आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। दो आयुओंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक

उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे० । अज० सव्वद्धा ।

५४१. मणुसपज्जत्त--मणुसिणीसु सो चेव भंगो । णवरि यम्हि आवलिया० असंखे० तम्हि संखेंज्जसम० । मणुसअपज्जत्त० सव्वपगदीणं जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे० । अज० जह० खुद्दाभव० विसमयूणं, उक्क० पलिदो० असंखे० । णवरि सव्वद्व परियत्तीणं आयुगाणं च अज० पगदिकालो कादव्वो । देवाणं णिरयभंगो । णवरि एइंदि०-आदाव-थावर० सत्थाणभंगो ।

५४२. एइंदिएसु मणुसायु०--तिरिक्खगदि--तिरिक्खाणु०--उज्जो०--णीचा० ओघं । सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा । पुढवि०--आउ०--तेउ०-वाउ०-बादरपुढवि०--आउ०-तेउ०-वाउ०-बादर-वणप्फदिपत्तेय० दोआयु० ओघं । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । अज० सव्वद्धा । बादरपुढवि०-वाउ०-तेउ०-वाउ०-अपज्जत्ता० मणुसायु० ओघं । सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा । एवं वणप्फदि-णियोद-बादरवणप्फदि-णियोद-पज्जत्त-अपज्जत्त० बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्ताणं

---

समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

५४१. मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें वही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण काल कहा है, वहाँ पर संख्यात समय काल कहना चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल दो समय कम क्षुल्लक भव ग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सर्वत्र परिवर्तमान प्रकृतियोंकी और आयुओंकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल प्रकृतिबन्धके कालके समान कहना चाहिए। देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर इनका भङ्ग स्वस्थानके समान है।

५४२. एकेन्द्रियोंमें मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक,बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका

सव्वसुहुमाणं च ।

५४३. पंचिंदिय-तस०२ खवगपगदीणं ओघं । सेसाणं पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो । एवं इत्थि०-पुरिस० । णवरि इत्थिवे० तित्थय० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

५४४. पंचमण०-तिण्णिवचि० पंचणा०-णवदंसणा--सादासाद०--मोह०२४--देवगदि०४-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर--सुभासुभ--सुभग--सुस्सर--आदें०--जस०--अजस०--णिमि०--तित्थय०--उच्चागो० पंचंत० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । इत्थिवे०--णवुंस०-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि०पंचसंठा०--ओरालि०अंगो०-छस्संघ०--तिण्णिआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४--दूभग--दुस्सर--अणादें०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखें० । अज० सव्वद्धा । चदुआयु० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि अज० जह० एग० । दोवचि० खवगपगदीणं जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । चदुआयु० मणजोगिभंगो । सेसाणं तसभंगो ।

---

काल सर्वदा है। इसी प्रकार वनस्पतिकायिक, निगोद, बादर वनस्पतिकायिक, बादर निगोद और इनके पर्याप्त-अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर अपर्याप्त और सब सूक्ष्म जीवोंके जानना चाहिए।

५४३. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इसी प्रकार स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

५४४. पाँच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, चौबीस मोहनीय, देवगतिचार, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त-विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तीन गति, चारजाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। चार आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है। दो वचनयोगवाले जीवोंमें क्षपकप्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। चार आयुओंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग त्रस जीवोंके समान है।

५४५. ओरालियमि० तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा०-देवगदि०४-तित्थयरं० उक्कस्सभंगो। मणुसायु० ओघं। सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा। वेउव्वि०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० उक्कस्सभंगो। कम्मइगे तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे०,। अज० सव्वद्धा। देवगदि०४-तित्थय० उक्कस्सभंगो। सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा।

५४६. अवगदे सव्वाणं जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं सुहुमसंप०।

५४७. विभंगे पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-देवगदि--पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४--देवाणु०-अगु०४--पसत्थ०-तस०४--थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। असादा०-इत्थि०-णवुंस०-अरदि-सोग--णिरयगदि-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-णिरयाणु०-अप्पसत्थ०--आदाव-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादें० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० सव्वद्धा। चदुआयु०

---

५४५. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्च गत्यानुपूर्वी, उद्योत, नीचगोत्र, देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर इनका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीच-गोत्रकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

५४६. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंके जानना चाहिए।

५४७. विभंगज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जन्घय स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, नरकगति, चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, आतप, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। चार आयुका भङ्ग

पंचिंदियभंगो। तिरिक्ख-मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०--वज्जरि०-दोआणु०-उज्जो०-णीचा० जह० जह० अंतो०। अज० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेँज्ज०। अज० सव्वद्धा।

५४८. आभि०-सुद०-ओधि० असादा०--अरदि--सोग-अथिर--असुभ-अजस० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। सेसाणं जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। णवरि मणुसगदिपंचग० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेँज्ज०। एवं ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०। णवरि दोआयु देव-भंगो। खइगे दोआयु० मणुसि०भंगो।

५४९. मणपज्ज०-संजद-सामाइय--छेदो० खवगपदीणं ओघं। असादावे०-अरदि-सोग-अथिर--असुभ-अजस० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। सेसाणं जह० जहण्णु० अंतो०। सव्वपगदीणं अज० सव्वद्धा। आयु० मणुसि०भंगो। एवं परिहार०।

५५०. संजदासंजदे असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० सव्वद्धा। सेसाणं जह० जह० उक्क०

पञ्चेन्द्रियोंके समान है। तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

५४८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति पञ्चककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि दो आयुओंका भङ्ग देवोंके समान है। क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

५४९. मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सब प्रकृतियोंकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। आयुका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। इसी प्रकार परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए।

५५०. संयतासंयत जीवोंमें असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट

अंतो०। अज० सव्वद्धा। देवायु० ओघं। चक्खुदं० तसभंगो।

५५१. तेऊए इत्थि०-णवुंस०-दोगदि-एइंदि०-ओरालि०-पंचसंठा०-छस्संघ०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज०। अज० सव्वद्धा। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० एगसमयं, उक्क० अंतो०। सेसाणं जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। एवं पम्माए। तेऊए एसिं अप्पमत्तो करेंति तेसिं दुविधो कालो। यदि अधापवत्तसंजदो जहण्णट्ठिदिबंधकालो जह० जह० एग०, उक्क अंतो०। अथवा दंसणमोहक्खवगस्स कीरदि तदो जहण्णु० अंतो०। एवं परिहारे। पम्माए देवगदिआदि अधापवत्तस्स दिज्जदि। एवं सुक्काए वि।

५५२. उवसम० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज०। सादासाद०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस०-देवगदि०४ जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० पलिदो०

काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग त्रस जीवोंके समान है।

५५१. पीतलेश्यावाले जीवोंमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए। पीतलेश्यामें जिनको अप्रमत्त करते हैं उनका दो प्रकारका काल है। यदि अधःप्रवृत्तसंयत करता है तो उसके जघन्य स्थितिके बन्धकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है अथवा दर्शनमोहनीयका क्षपक करता है तो जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके जानना चाहिए। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें देवगति आदि अधःप्रवृत्तके देनी चाहिए। इसी प्रकार शुक्ललेश्यावाले जीवोंके भी जानना चाहिए।

५५२. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। सातावेदनीय, असाता-वेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट

असंखेंज्ज० । अट्ठक० जह० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । मणुसगदिपंचग० जह० अज० जह० एग० अंतो० । उक्क० पलिदो० असंखेंज्ज० । आहारदुगं जह० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । तित्थय० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एगसमयं, उक्क० अंतो० ।

५५३. सासणे सम्मामि० उक्कस्सभंगो । णवरि सासणे तिरिक्ख-देवायु० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखेंज्ज० । अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । मणुसायु० देवभंगो ।

५५४. सण्णीसु खवगपगदीणं देवगदि०४--आहारदुग-तित्थय० मणुसभंगो । चदुआयु० पंचिंदियभंगो । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखेंज्ज० । अज० सव्वद्धा । एवं जहण्णयं समत्तं ।

एवं कालं समत्तं

## अंतरपरूवणा

५५५. अंतरं दुविधं । जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुवि०-ओघे०

---

काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और और उत्कृष्ट काल पल्यके संख्यातवें भाग प्रमाण है । आठ कषायोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । मनुष्यगति पञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल क्रमसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । आहारक द्विककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

५५३. सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि सासादनमें तिर्यञ्चायु और देवायुकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । मनुष्यायुका भङ्ग देवोंके समान है ।

५५४. संज्ञी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियाँ, देवगति चतुष्क, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्योंके समान है । चार आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । इस प्रकार जघन्य काल समाप्त हुआ ।

इस प्रकार काल समाप्त हुआ ।

## अन्तरप्ररूपणा

५५५. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा

आदे० । ओघेण णिरय-मणुस-देवायूणं उक्कस्सट्ठिदिबंधगंतरं केवचिरं० ? जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० असं० ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ । अणु० जह० एग०, उक्क० चदुवीसं मुहुत्तं । सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असं० असंखे० ओसप्पिणि० । अणु० णत्थि अंतरं । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालि०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-[ चक्खुदं ] अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि०-आहार०-अणाहारग त्ति । णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारगे देवगदि०४-तित्थय० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० मासपुधत्तं । तित्थय० वासपुधत्तं० ।

५५६. सव्वएइंदियाणं दोआयु० ओघं । सेसाणं उक्क० अणु० णत्थि अंतरं । एवं वणप्फदि-णियोदाणं ।

५५७. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव पज्जत्ता० ओघं । णवरि पज्जत्तेसु तिरिक्खायु० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

---

निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे, नरकायु, मनुष्यायु और देवायु इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल कितना है ? जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है . जो कि असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके बराबर है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल चौबीस मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो कि असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके बराबर है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर मासपृथक्त्व है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है ।

५५६. सब एकेन्द्रिय जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए ।

५५७. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक तथा इन्हींके पर्याप्त जीवोंका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें तिर्यञ्चायुकी अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है तथा तैजस-

तेजा०-क० चदुवीसं मुहुत्तं० । बादर [ पुढवि०- ] आउ०-तेउ०-वाउ०अपज्जत्ता० एइंदियभंगो । सव्वसुहुमाणं एइंदियभंगो । बादरवणप्फदिपत्तेय० बादरपुढविभंगो ।

५५८. अवगदवेदे सव्वपगदीणं उक्क० जह० एग०, उक्क० वासपुधत्तं । अणु० जह० एग०, उक्क० छम्मासं० । एवं सुहुमसं० । वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० तित्थय० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० वासपुधत्तं० । सेसाणं उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० अप्पप्पणो पगदिअंतरं ।

५५९. मणुसअपज्ज०-सासण०-सम्मामि० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० । सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुल० असंखे० । अणु० पगदिअंतरं । आयुगाणि एसिं अत्थि तेसिं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुल० असंखे० । अणु० अप्पप्पणो पगदिअंतरं कादव्वं ।

एवं उक्कस्संतरं समत्तं

---

शरीर और कार्मणशरीरका चौबीस मुहूर्त है। बादर पृथ्वीकायिकअपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। सब सूक्ष्मोंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर जीवोंका भङ्ग बादर पृथ्वीकायिक जीवोंके समान है।

५५८. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंके जानना चाहिए। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर ओघके समान है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अपने-अपने प्रकृति बन्धके समान है।

५५९. मनुष्यअपर्याप्त, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल ओघके समान है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष सब मार्गणाओंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी और उत्सर्पिणियोंके बराबर है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल प्रकृतिबन्धके अन्तर कालके समान है। आयु जिनके हैं उनके उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो कि असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी और उत्सर्पिणियोंके बराबर है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल अपने-अपने प्रकृतिबन्धके अन्तर कालके समान करना चाहिए।

इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर काल समाप्त हुआ।

५६०. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० खवगपगदीणं जह० जह० एग०, उक्क० छम्मासं० । अज० णत्थि अंतरं । तिण्णिआयु०-वेउव्वियछ०-तिरिक्खग०-आहारदुग-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-तित्थय०-णीचा० उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । एवं ओघभंगो कायजोगि--ओरालियका०--णवुंस०--कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारगे त्ति ।

५६१. तिरिक्खेसु तिण्णिआयु०--वेउव्वियछ०---तिरिक्खगदि०४ जह० अज० उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । एवं तिरिक्खोघं ओरालियमि० [ कम्मइ०- ] मदि०--सुद०--असंज०--तिण्णिले०--अब्भवसि०-मिच्छादि०--असण्णि-अणाहारे त्ति । णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारगेसु देवगदि०४--तित्थय० जह० अज० उक्कस्सभंगो ।

५६२. मणुस०३ खवगपगदीणं ओघो । सेसाणं उक्कस्सभंगो । णवरि मणुसि० खवगपगदीणं वासपुधत्तं० ।

५६३. एइंदिय--बादरेइंदिय--पज्जत्ता अपज्जत्ता मणुसायु० तिरिक्खगदि०४ उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । सव्वसुहुमाणं मणुसायु० ओघं ।

---

५६०. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्षपक प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । तीन आयु, वैक्रियिक छह, तिर्यञ्चगति, आहारकद्विक, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, तीर्थङ्कर और नीचगोत्र इनका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी,नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

५६१. तिर्यञ्चोंमें तीन आयु, वैक्रियिक छह और तिर्यञ्चगति चतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके समान औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्या-वाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल उत्कृष्टके समान है ।

५६२. मनुष्यत्रिकमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें क्षपक प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर काल वर्षपृथक्त्व है ।

